# आकाशवाणी शिमला

## 03.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

**मुख्य समाचार**

- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ई–कॉमर्स वेबसाइट का किया शुभारंभ–44 हजार स्वयं सहायता समूह बेच सकेंगे ऑनलाईन उत्पाद।**
- **राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने तांदी अग्निकांड के प्रभावितों के लिए भेजी राहत सामग्री–लोक निर्माण मंत्री ने प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा**
- **विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा–राजभवन की गरिमा के विपरित किसी भी प्रकार का आचरण सहन नहीं करेगी भाजपा।**
- **जल शक्ति विभाग ने ठियोग उपमंडल में हुए पानी घोटाले में 10 अधिकारी व कर्मचारी किए सस्पेंड।**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला स्थित अपने सरकारी आवास ओकओवर से राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शुरू की गई हिम ईरा और ई–कामर्स प्लेटफार्म की वैबवाईट लांच की और सात हिम ईरा फूड वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके माध्यम से प्रदेश के 44 हजार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी साढ़े तीन लाख से अधिक ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्व सिंह भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाद्दाता––––

वीओ––– हिमाचल प्रदेश के प्राकृतिक और ग्रामीण क्षेत्रों में मिलने वाले उत्पाद अब देश के किसी भी कोने में उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला से हिम ईरा और ई–कामर्स प्लेटफार्म की वैबवाईट लांच की जिसमें प्रदेश के स्वयं सहायता समूह अपने उत्पाद राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेच पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ–साथ महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने हिम ईरा के उत्पादों को प्रदर्शित करने और उनकी बिक्री के लिए सरकारी भवनों में एक समर्पित दुकान उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने सरकार के इस प्रयास की सराहना की।

हिम ईरा और ई–कामर्स प्लेटफार्म की वैबवाईट लांच करने जैसे मंचों से जहां ग्रामीण कारीगरों और उद्यमियों के उत्पादों को विस्तार मिलेगा वही ऑनलाईन बिक्री के माध्यम से उनकी आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला से राज्य रेडक्रॉस के माध्यम से कुल्लू जिले के बंजार स्थित तांदी गांव में हुए भीषण अग्निकांड के प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री से भरे वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पांच अन्य राहत सामग्री से भरे वाहनों को भी अन्य जिलों के लिए रवाना किया। तांदी गांव की घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अग्निकांड से वहां की विरासत ही चली गई है, जिसे पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तांदी गांव में जिला स्तर पर राहत कार्य संचालित किए जा रहे हैं और रेडक्रॉस ने भी दैनिक जीवन की जरूरी सामग्री भेजी है। प्रदेश के अन्य जिलों किन्नौर, शिमला, बिलासपुर, हमीरपुर और ऊना जिलों के लिए भी सर्दी के मौसम के दृष्टिगत पात्र व्यक्तियों के लिए राहत सामग्री से भरे वाहन भेजे गए हैं।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज बंजार विधानसभा क्षेत्र के तांदी गांव में हुए भीषण अग्निकांड से प्रभावित लोगों से भेंट की और उनका कुशल–क्षेम जाना। इस भीषण दुर्घटना में 17 घर और गौशालाएं जलकर राख हो गईं हैं। प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए लोक निर्माण मंत्री ने उन्हें सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गांव के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–4 के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। विक्रमादित्य सिंह ने सभी प्रभावित परिवारों को राशन किट वितरित किए और कहा कि उन्हें संशोधित राहत नियमावली के अंतर्गत शीघ्र ही राहत राशि प्रदान की जाएगी।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि सरकार द्वारा राजभवन पर निशाना साधा जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री को हस्तक्षेप करना चाहिए। शिमला से जारी एक ब्यान में उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का ब्यान राजभवन के खिलाफ देने से पहले नेताओं को अवश्य सोचना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि राजभवन पर सोची–समझी साजिश के तहत हमला किया जा रहा है और इस तरह हर संस्थान के खिलाफ राजनीति प्रदेशहित में नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री को ऐसे लोगों पर लगाम लगानी चाहिए और भारतीय जनता पार्टी राजभवन की गरिमा के विपरित किसी भी प्रकार का आचरण सहन नहीं करेगी।

**पानी घोटाला**

शिमला ज़िला के ठियोग उपमंडल में हुए पानी घोटाले में जल शक्ति विभाग ने प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई करते हुए विभाग के 10 जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा विभाग ने संबंधित ठेकेदार को भी ब्लैकलिस्ट करने के आदेश जारी किए हैं।

**जगत सिंह**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने नई दिल्ली स्थित दिल्ली हाट में हिम महोत्सव का शुभारंभ किया। एक जनवरी से 15 जनवरी तक चलने वाले इस महोत्सव का आयोजन राज्य सरकार द्वारा एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से किया गया है। महोत्सव में कारीगरों द्वारा हिमाचली हस्तशिल्प और बुनकर उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए 60 स्टॉल लगाए गए हैं। इस मौके पर राजस्व मंत्री ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का अन्य राज्यों और शहरों में भी आयोजन किया जाना चाहिए ताकि प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और यहां के उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा सके।

**कुलदीप पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज भाटियात विधानसभा क्षेत्र में बनेट–मोरठु खड्ड संपर्क मार्ग और सराला दा बासा गांव व ददरियाडा के समीप बैला–सामु संपर्क मार्ग के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। बाद में उन्होंने बनेट में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन तीनों संपर्क सड़कों के निर्माण कार्यों पर लगभग 3 करोड़ रूपयों की राशि व्यय होगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सड़क निर्माण कार्यों को पूरा करने के भी निर्देश दिए।

**भेंट**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज कांगड़ा के गगल हवाई अड्डे पर तिब्बती धर्मगुरू दलाईलामा से भेंट की। इस दौरान उन्होंने दलाईलामा से विभिन्न विषयों पर विस्तार से बातचीत की और उन्हें वर्तमान सरकार द्वारा राज्य के विकास के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर तिब्बती धर्मगुरू दलाईलामा ने धर्मशाला को पर्यटन राजधानी बनाने के सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गगल एयरपोर्ट का विस्तारीकरण होने से धर्मशाला एक विश्वस्तरीय पर्यटन गंणतव्य के रूप में अपनी पहचान बनायेगा। दलाईलामा ने कहा कि देश व विदेश से उनसे मिलने आने वाले लोगों व भिक्षुओं को भी यातायात की बेहतर सुविधा मिलेगी।

**आउटसोर्स**

आईजीएमसी शिमला में पांच सौ से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी अनिश्चितकाल हड़ताल पर चले गए हैं। आईजीएमसी प्रशासन द्वारा एक सौ 32 आउटसोर्स कर्मचारियों की एक जनवरी से सेवाएं समाप्त करने के विरोध में ये कर्मचारी हड़ताल पर हैं। आईजीएमसी कॉन्ट्रेक्ट यूनियन के अध्यक्ष वीरेन्द्र लाल ने बताया कि निकाले गए कर्मचारी पिछले चार वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को दोबारा वापिस बुलाने पर ही हड़ताल समाप्त होगी।

## स्कूल समय सारिणी

भीषण ठंड के कारण ऊना जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। उपायुक्त जतिन लाल द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, अब स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगे। यह आदेश कल 4 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रभावी रहेगा।

## मांग

चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी की सेचू नाला पंचायत के चस्क वार्ड की सदस्य माघी शर्मा ने चस्क गांव के सड़क मार्ग को जल्द खोलने की प्रशासन से मांग की है। माघी शर्मा ने कहा कि हाल ही में हुई बर्फबारी से बंद अन्य सड़कों को खोल दिया गया है लेकिन चस्क गांव के मार्ग से अभी तक बर्फ न हटाने से करीब 6 सौ की आबादी को परेशानी हो रही है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर :-

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ई–कॉमर्स वेबसाइट का किया शुभारंभ–44 हजार स्वयं सहायता समूह बेच सकेंगे ऑनलाईन उत्पाद।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने तांदी अग्निकांड के प्रभावितों के लिए भेजी राहत सामग्री–लोक निर्माण मंत्री ने प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा–राजभवन की गरिमा के विपरित किसी भी प्रकार का आचरण सहन नहीं करेगी भाजपा।
- जल शक्ति विभाग ने ठियोग उपमंडल में हुए पानी घोटाले में 10 अधिकारी व कर्मचारी किए सस्पेंड।

————————————————